भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 671

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

671. श्री बिप्लब कुमार देब :

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण पर कितना व्यय किया गया;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव/मरम्मत पर कितना व्यय किया गया;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान असम-अगरतला राष्ट्रीय राजमार्ग के रख-रखाव/मरम्मत के लिए आबंटित बजट और किए गए वास्तविक व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(घ) राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा ठेका/रियायत समझौते के उपबंधों के अनुसार असम-अगरतला राजमार्ग के समुचित रख-रखाव हेतु सुधार/सुधारात्मक उपायों के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास पर 9.94 लाख करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के रख-रखाव और मरम्मत पर लगभग 27,000 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान असम में गुवाहाटी से त्रिपुरा में अगरतला तक राष्ट्रीय राजमार्ग खंड (राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6, 8 और 37) के रख-रखाव और मरम्मत पर 187 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं।

(घ) गुवाहाटी से अगरतला तक लगभग 577 किलोमीटर की कुल राष्ट्रीय राजमार्ग लंबाई में से लगभग 236 किलोमीटर लंबाई रियायत अवधि/दोष देयता अवधि (डीएलपी) के अंतर्गत है, जिसमें संबंधित रियायतग्राही/संविदाकार द्वारा रखरखाव कार्य किया जाता है। इसके अलावा, लगभग 129 किलोमीटर लंबाई में चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कार्य शुरू किया गया है। शेष 213 किलोमीटर लंबाई में, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल)/राज्य सरकार द्वारा रखरखाव कार्य शुरू किया गया है।

*****